दिनांक 08.07.2017 को नालन्दा जिला अन्तर्गत नगर पंचायत, सिलाव में आयोजित शिविर/कैम्प में हुए वितरण एवं स्थानीय योजनाओं का किए गए निरीक्षण सम्बन्धी प्रतिवेदन–

1. **स्वच्छ भारत मिशन योजना** अंतर्गत कुल 14 लाभार्थियों को 4500/– रू0 के दर से कुल 63000/– रूपये व्यक्तिगत शौचालय के अंतर्गत द्वितीय किश्त की राशि का भुगतान RTGS के माध्यम से लाभुकों के खाते में किया गया।

   कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सर्वेक्षण के अनुसार कुल 4840 घरों में से कुल 2448 घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। शेष 2392 शौचालय विहिन परिवार है परन्तु वास्तविकता में मात्र 1340 (लगभग) परिवार ही शौचालय विहिन हैं। निदेश दिया गया कि पुनः इसकी जाँच कराकर वास्तविक संख्या से विभाग को अवगत कराया जाय।

   कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि व्यक्तिगत शौचालय का लक्ष्य 905 है जिसमें से पूर्व में 557 लाभूकों को प्रथम किश्त एवं 406 लाभूकों को द्वितीय किश्त का भुगतान किया जा चुका है। अबतक कुल 420 व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण कराया जा चुका है। प्राप्त आवंटन 78,15,332.00 रूपये में से अबतक 57,11,490.00 रूपये का व्यय हुआ है। एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण वार्ड नं0 07 में कराया जा रहा है, जिसका लिंटर लेवल तक कार्य पूर्ण हो चुका है। तीन वार्ड अबतक ओ0 डी0 एफ0 हो चुका है।

2. **सबके लिए आवास योजना** के अंतर्गत कुल 07 चयनित लाभार्थियों को शिविर में कार्यादेश का वितरण किया गया।

   कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत, सिलाव में यह योजना द्वितीय फेज के अंतर्गत प्रारंभ की गयी है। सर्वेक्षण पश्चात वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए कुल 168 आवेदन स्वीकृत है जिसमें से अबतक केवल 07 लाभार्थियों द्वारा ही भु–स्वामित्व प्रमाण पत्र (LPC) जमा किया गया है, जिसमें से उपरोक्त 07 लाभार्थियों को ही कार्यादेश निर्गत किया गया है। योजना में विलम्ब होने के बिन्दू पर कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि काफी प्रयास के बाद केवल 07 ही लाभार्थियों से अबतक भु–स्वामित्व प्रमाण पत्र प्राप्त हो पाया है। इस नगर पंचायत के अंतर्गत बहुत सारे लाभुक गैर मजरूआ मालिक भूमि पर बसे हुए हैं, बहुत सारे लोग बेलगान जमीन पर वसे हुए हैं एवं बहुत सारे लोग गैर मजरूआ आम जमीन पर बसे हुए हैं जिसके कारण उन्हें भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है। बेलगान जमीन के संबंध में निदेश दिया गया कि अंचलाधिकारी से मिलकर लगान निर्धारण का अनुरोध कर भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र निर्गत कराने का प्रयास किया जाय, इससे अंचल के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

3. **दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन** योजना के अंतर्गत अबतक इस नगर पंचायत में कोई कार्य नहीं हुआ है।

   कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि तीन माह पूर्व ही नगर पंचायत, सिलाव में NULM योजना प्रारंभ हुई है। वर्तमान में बिहार शरीफ नगर निगम में पदस्थापित दो सिटी मिशन

मैनेजर को ही विभाग द्वारा दो दिन सिलाव में कार्य करने का निदेश दिया गया है, परन्तु एक–दो बार ही वे आए थे परन्तु कोई कार्य यहाँ प्रारंभ नहीं किया गया है। मेरे द्वारा दूरभाष पर दोनों सिटी मिशन मैनेजर से बात की गयी और उन्हें निदेश दिया गया कि वे प्रत्येक सप्ताह दो दिन का समय नगर पंचायत, सिलाव में देंगें तथा स्वयं सहायता समूह (SHG) का गठन एवं शहरी फुटपाथ विक्रेता का सर्वेक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही कौशल विकास मिशन योजना के अंतर्गत वार्डवार सभा आयोजित कर योग्य लाभूकों का नियमानुसार चयन कर उसे प्रशिक्षण दिलाने संबंधी कार्रवाई करेगें। उन्हें निदेश दिया गया कि NULM योजना के अंतर्गत सभी घटक के संबंध में सर्वप्रथम व्यापक प्रचार–प्रसार नगर पंचायत, सिलाव के सभी वार्डों में किया जाय। शहरी गरीब जो खुले आसमान में सोते हैं के लिए आश्रय स्थल के निर्माण हेतु स्थल का चयन कर इसके निर्माण हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई का निदेश कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि फुटपाथ विक्रेता के लिए Vending Zone का चयन भी किया जा चुका है।

शिविर की समाप्ति के पश्चात नाली–गली योजना के अंतर्गत योजना सं0 106/2016–17 वार्ड सं0 01 में कैलाश मांझी के घर से मोती शैलेश के घर होते हुए नेपुरा नहर पईन तक मिट्टी भराई, ईट सोलिंग एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण, प्राक्कलित राशि 350000/– रूपये का भौतिक जाँच किया एवं योजना कार्य पूर्ण पाया। कनीय अभियंता श्री कमलेश कुमार द्वारा बताया गया योजना की अंतिम मापी कर ली गई है तथा इस योजना में संवेदक को अंतिम रूप से 312452/–रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

नाली–गली योजना के अंतर्गत ही योजना. सं0 108/2016–17 वार्ड सं0 03 में रामनगर महादलित टोला में ईट सोलिंग एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण, प्राक्कलित राशि 350000/– रूपये का भौतिक जाँच किया एवं योजना कार्य पूर्ण पाया। कनीय अभियंता श्री कमलेश कुमार द्वारा बताया गया योजना की अंतिम मापी कर ली गई है तथा इस योजना में संवेदक को अंतिम रूप से 310988/–रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

(अरविन्द कुमार झा)
सहायक निदेशक, नगरपालिका प्रशासन
नगर विकास एवं आवास विभाग
–सह–नोडल पदाधिकारी नालन्दा जिला।

ज्ञापांक– **01/कैम्प कार्यालय, सिलाव** दिनांक – **08 जुलाई 2017/**

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, (पटना) को सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक निदेशक, नगरपालिका प्रशासन
नगर विकास एवं आवास विभाग
–सह–नोडल पदाधिकारी नालन्दा जिला।